अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ____________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 24] [Total No. of Questions: 24]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 03] [Total No. of Printed Pages : 03]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 11वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024–25
# Class 11th Half Yearly Examination, 2024-25
# हिन्दी (साहित्य) / HINDI (Literature)
# [ 1117 ]

***सामान्य अनुदेश :***
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित हैं।

***General Instructions :***
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

***निर्देश :–***
(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
(2) सर्वप्रथम परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र पर अपना नामांक लिखें।
(3) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

परहित का अर्थ है दूसरों की भलाई, इसी को परोपकार भी कहते हैं। दोनों का भाव एक है। यदि एक में दूसरे के हित की भावना है, तो दूसरे में भला करने की भावना छिपी हुई है। अपने हित की चिन्ता न कर दूसरों का हित या उपकार करना ही सच्चे अर्थ में परहित या परोपकार है।

धर्म का अर्थ है – पुण्य, कर्तव्य, सत्कर्म और सदाचार। यहाँ धर्म का अर्थ मज़हब या मत नहीं है। यदि मज़हब अर्थ है, तो यह मज़हब के प्रति द्वेष या बुरा करने का भाव लिए हुए नहीं है, बल्कि भलाई करने का भाव लिए हुए है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। उसक धर्म है कि वह स्वयं जिए और दूसरों को भी जीने दे।

(i) परोपकार किसे कहा गया है? (1)
(ii) धर्म का अर्थ क्या है? (1)
(iii) गद्यांश का मूल भाव क्या है? (1)
(iv) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

यह धरती है उस किसान की
जो बैलों के कन्धों पर
बरसात घाम में,
जुआ भाग्य का रख देता है,
खून चाटती हुई वायु में,
पैनी कुर्सी खेत के भीतर,
दूर कलेजे तक ले जाकर,
जोत डालता है मिट्टी को,
पाँस डाल कर,
और बीज बो देता है
नये वर्ष में नयी फसल के,
ढेर अन्न का लग जाता है।
यह धरती उस किसान की।
नहीं राव की, नहीं रंक की,
नहीं तेग, तलवार, धर्म की,
नहीं किसी की, नहीं किसी की,
धरती है केवल किसान की।

(i) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। (1)

(ii) कवि ने धरती का असली स्वामी किसे बताया है? (1)

(iii) नये वर्ष में किसान के लिए किसकी प्राप्ति होती है? (1)

(iv) प्रस्तुत काव्यांश में कौनसा काव्य गुण है? (1)

**रचनात्मक एवं व्यावहारिक लेखन**

प्र.3 जनसंचार के विभिन्न माध्यम कौन–कौन से हैं? नाम लिखिए। (1½)

प्र.4 समाचार के मुख्य तत्व कौन–कौन से हैं? (1½)

प्र.5 निम्न में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए – (4)

(i) इन्टरनेट : लाभ और हानियाँ

(ii) कम्प्यूटर शिक्षा : आधुनिक समय की आवश्यकता

(iii) बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ

(iv) प्लास्टिक थैली : पर्यावरण की दुश्मन

प्र.6 जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), सिरोही की ओर से सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जनापुर में बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए। (4)

**<u>अथवा</u>**

स्वयं को जयपुर निवासी हितांशु मानते हुए स्ववृत्त (बायोडेटा) लिखिए।

प्र.7 आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (3)

प्र.8 केन्द्रीय विद्यालय, जयपुर की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उस पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कीजिए। (3)

**व्यावहारिक व्याकरण (काव्यशास्त्र)**

प्र.9 (i) संचारी भावों की संख्या ........................................ है। (1)

(ii) हिन्दी आचार्यों ने रसों की संख्या ........................................ मानी है। (1)

प्र.10 (i) साहित्य की लय, सुर, तुक, यति, गति बद्ध रचना कहलाती है –

(अ) छन्द (ब) अलंकार (स) रस (द) उपर्युक्त सभी (1)

(ii) गण कितने प्रकार के होते हैं?

(अ) छः (ब) आठ (स) दस (द) बारह (1)

(iii) मात्रिक छन्द किसे कहते हैं? (1)

(iv) वर्णिक छन्द किसे कहते हैं? (1)

प्र.11 अलंकार की परिभाषा व भेद लिखिए। (2)

प्र.12 यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अंतरा भाग –I**

प्र.13 निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (4)

खेलन में को काको गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ।
जाति–पाँति हमतैं बड़ नाहीं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।
अति अधिकार जनावत यातै जातैं अधिक तुम्हारै गैयाँ।

**<u>अथवा</u>**

सिमटा पंख साँझ की लाली
ताम्रपर्ण पीपल से, शतमुख
ज्योति स्तंभ–सा धँस सरिता में
बृहद् जिह्म विश्लथ केंचुल–सा

प्र.14 निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (4)

मोहन सिद्धेश्वरी का मँझला लड़का था। उसकी उम्र अट्ठारह वर्ष थी और वह इस साल स्कूल का प्राइवेट इम्तिहान देने की तैयारी कर रहा था। वह न मालूम कब से घर से गायब था और सिद्धेश्वरी को स्वयं पता नहीं था कि वह कहाँ गया है। किन्तु सच बोलने की उसकी तबीयत नहीं हुई और उसने झूठ–मूठ कहा, "किसी लड़के के यहाँ पढ़ने गया है, आता ही होगा"।

**अथवा**

और सबसे ज्यादा प्रसन्न है हामिद। वह चार–पाँच साल का गरीब सूरत, दुबला पतला लड़का, जिसका बाप गत वर्ष हैजे की भेंट हो गया और माँ न जाने क्यों पीली होती–होती एक दिन मर गई। किसी को पता न चला, क्या बीमारी है। कहती तो कौन सुनने वाला था। दिल पर जो कुछ बीतती थी, वह दिल में ही सहती थी और जब न सहा गया, तो संसार से विदा हो गई।

प्र.15 प्रेदचंद अथवा हरिशंकर परसाई का साहित्यिक परिचय लिखिए। (2)

प्र.16 "दोपहर का भोजन" पाठ के लेखक का नाम लिखिए। (1)

प्र.17 हामिद ने मेले से क्या खरीदा था? (1)

प्र.18 "टार्च बेचनेवाला" व्यंग्य पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है? (2)

प्र.19 "ईदगाह" कहानी का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र.20 "गूँगे" कहानी को पढ़कर आपके मन में कौनसे भाव स्पष्ट होते हैं और क्यों? (3)

प्र.21 (i) सूरदास का सबसे प्रमुख ग्रंथ कौनसा है? (1)

(ii) कवि "देव" का पूरा नाम क्या था? (1)

(iii) कबीर की रचनाएँ किस ग्रंथ में संकलित हैं? (1)

(iv) "अरे इन दोहुन राह न पाई" से कबीर का क्या आशय है? (2)

(v) सुमित्रानंदन पंत की कविता "संध्या के बाद" का काव्य सौन्दर्य लिखिए। (3)

**अंतराल भाग –I**

प्र.22 (i) "बड़ौदा का बोर्डिंग स्कूल" पाठ के लेखक कौन हैं? (1)

(ii) "आवारा मसीहा" के रचयिता कौन हैं? (1)

(iii) मकबूल फिदा हुसैन को कला के किस क्षेत्र में प्रसिद्धि मिली? (1)

प्र.23 मकबूल की पेंटिंग की शुरुआत कहाँ और कैसे वातावरण में हुई? (2)

प्र.24 "प्रतिभा छुपाये नहीं छुपती" कथन के आधार पर मकबूल फिदा हुसैन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। (3)

---